BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

PIN-842001 (BIHAR)

Website:-www.brabu.net

PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (08.10.2024)

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 08.10.2024, PAGE-08

बीआरएबीयू में रिसोर्स पर्सन का बनेगा ब्योरा

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के वोकेशनल कोर्स में काम करने वाले रिसोर्स पर्सन का ब्योरा तैयार किया जाएगा।

इसके लिए सभी कॉलेजों के प्राचार्य को विवि की तरफ पत्र भेजा गया है। कॉलेजों को यह ब्योरा गूगल शीट पर देना है। इस ब्योरे में रिसोर्स पर्सन की शैक्षिक योग्यता कहां की है, उनके पास क्या अनुभव है, इसकी जानकारी देनी है।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:08.10.2024, PAGE-04

अब विवि के 11 कॉलेजों में लॉ की पढ़ाई

- नये छह कॉलेजों का नाम पोर्टल पर जोड़ा गया, सभी में एलएलबी और प्री लॉ की पढ़ाई की स्वीकृति
- लॉ और प्री लॉ को मिलाकर करीब दो हजार हो गयीं सीटें, 16 को होगी प्रवेश परीक्षा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में लॉ कॉलेजों की संख्या बढ़कर 11 हो गयी है. बार काउंसिल की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद इसी सत्र से छह नये कॉलेजों में दाखिला लिया जाएगा. इन कॉलेजों में प्री-लॉ और एलएलबी कोर्स के संचालन की अनुमति दी गयी है. इसके बाद विश्वविद्यालय ने पोर्टल खोल दिया है.

12 अक्टूबर तक छात्र-छात्राएं एलएलबी और प्री लॉ में नामांकन के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा को लेकर आवेदन कर सकते हैं. 16 अक्टूबर को परीक्षा होगी. बता दें कि छह नये कॉलेजों में एलएलबी और प्री लॉ में 60-60 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा. इससे पूर्व विश्वविद्यालय में पांच कॉलेजों में एलएलबी के लिए 780 और प्री लॉ के लिए 460 सीटें निर्धारित थीं. नये कॉलेजों के जुड़ने के बाद एलएलबी में सीटों की संख्या बढ़कर 1140 और प्री लॉ में 840 सीटें हो गयी हैं. बता दें कि लॉ कोर्स की ओर स्टूडेंट्स के रुझान को देखते हुए नये कॉलेजों को कोर्स शुरू करने की अनुमति दी गयी है. पहली बार पोर्टल खुलने पर करीब दो हजार स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था.

लॉ के लिए अब 11 कॉलेजों का विकल्प

- बिशुनदत्त देवी कॉलेज, वैशाली
- सीआरके कॉलेज हाजीपुर, वैशाली
- माता सीता सुंदर कॉलेज ऑफ एजुकेशन सीतामढ़ी
- मिश्रा कॉलेज कचहरी चौक बेतिया चंपारण
- शुभवंती इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन
- एसएनएस विद्यापीठ ट्रस्ट चंपारण
- एमएस कॉलेज मोतिहारी
- रघुनाथ पांडेय मेमोरियल लॉ कॉलेज
- एसकेजे लॉ कॉलेज
- श्री उमेश मिश्रा रंजीत कुमार प्रसाद प्रोफेशनल कॉलेज हाजीपुर
- इंदु देवी रंजीत कुमार प्रसाद प्रोफेशनल कॉलेज हाजीपुर

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE:.310.2024, PAGE-06

11 कॉलेजों में होगी लॉ की पढ़ाई आवेदन को 12 तक खुलेगा पोर्टल

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 11 कॉलेजों में अब लॉ की पढ़ाई होगी। पहले 5 कॉलेजों में नामांकन होना था, जिसके लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई थी। 6 कॉलेजों को बार काउंसिल की ओर से स्वीकृति मिलने के बाद इसी सत्र से दाखिला लिया जाएगा। इन कॉलेजों में प्री-लॉ और एलएलबी कोर्स के संचालन की अनुमति दी गई है। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया है। 12 अक्टूबर तक छात्र-छात्राएं एलएलबी और प्री लॉ की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। 16 अक्टूबर को परीक्षा होगी। बता दें कि 6 नए कॉलेजों में एलएलबी और प्री लॉ में 60-60 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा। इससे पूर्व विश्वविद्यालय में 5 कॉलेजों में एलएलबी के लिए 780 और प्री लॉ के लिए 480 सीटें निर्धारित थीं। नए कॉलेजों के जुड़ने के बाद एलएलबी में सीटों की संख्या बढ़कर 1140 और प्री लॉ में 840 सीटें हो गई हैं। पहली बार पोर्टल खुलने पर करीब 2 हजार स्टूडेंट्स ने आवेदन किया था।

इन कॉलेजों का मिलेगा विकल्प : 1. बिशुनपत देवी कॉलेज, वैशाली 2. सीआरके कॉलेज हाजीपुर, वैशाली 3. माता सीता सुंदर कॉलेज ऑफ एजुकेशन सीतामढ़ी 4. निशा कॉलेज काटाहरी सेठी वेस्ट चंपारण 5. शुभवंती इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन 6. एसएनएस विद्यापीठ इस्ट चंपारण 7. एमएस कॉलेज मोतिहारी 8. रघुनाथ पांडेय मेमोरियल लॉ कॉलेज 9. एसकेजे लॉ कॉलेज 10. श्री उमेश मिश्रा रंजीत कुमार प्रकाश प्रोफेशनल कॉलेज हाजीपुर 11. इंदू देवी रंजीत कुमार प्रकाश प्रोफेशनल कॉलेज हाजीपुर।